# Rapid Fire करेंट अफेयर्स (21 November)

- भारत और रूस ने किया 500 मिलियन डॉलर की लागत से गोवा शिपयार्ड में भारतीय नौसेना के लिये दो स्टील्थ फ्रिगेट्स बनाने का समझौता; टेक्नोलॉजी ट्रांसफर के तहत डिज़ाइन आदि में सहयोग देगा रूस
- भारत और रूस के बीच एयर डिफेंस मिसाइल के लिये डेढ़ बिलियन डॉलर की डील होगी; भारत को रूस से मिलेगा कम दूरी के टारगेट पर निशाना लगाने वाला Igla-S एयर डिफेंस सिस्टम
- भारत और वियतनाम रक्षा, परमाणु ऊर्जा के शांतिपूर्ण उपयोग, बाहरी अंतरिक्ष,विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, तेल एवं गैस, संरचना विकास, कृषि और नवाचार आधारित क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग बढ़ाने पर सहमत
- यौन उत्पीड़न को लेकर संयुक्त राष्ट्र महासभा की तीसरी समिति ने एक प्रस्ताव को मंजूरी दी; इस वैश्विक संगठन में इस तरह का यह पहला प्रस्ताव
- मालदीव ने किया फिर से 53 देशों के राष्ट्रमंडल समूह में शामिल होने का फैसला; अक्तूबर 2016 में छोड़ दी थी राष्ट्रमंडल की सदस्यता
- विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय काम करने वाली आठ भारतीय-अमेरिकी महिलाओं को मिला अमेरिका में सम्मान; नासा की खगोल विज्ञानी मधुलिका गुहाठाकुरता भी इनमें शामिल
- BASIC देशों की मंत्रिस्तरीय बैठक का नई दिल्ली में आयोजन; उभरती हुई अर्थव्यवस्था वाले ब्राज़ील, साउथ अफ्रीका, भारत और चीन इसके सदस्य
- विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) की एक रिपोर्ट के अनुसार 2016 की तुलना में 2017 में भारत में मलेरिया के मामलों में 24 फीसदी की कमी
- ऑस्ट्रेलिया नहीं करेगा UN माइग्रेशन फॉर ग्लोबल कॉम्पैक्ट पर हस्ताक्षर, समझौते को मौजूदा आप्रवासन नीतियों को कमज़ोर करने वाला बताया
- सिंगल पेरेंट मदर मामलों में 5 दिसंबर से पैन कार्ड पर पिता का नाम लिखने की अनिवार्यता होगी समाप्त
- सुप्रीम कोर्ट ने की गवाह संरक्षण योजना पर अमल की तैयारी; राष्ट्रीय न्यायिक सेवाएँ प्राधिकरण के साथ विचार-विमर्श के बाद बनी है योजना
- केंद्र सरकार बनाएगी निर्भया फंड के तहत 1023 **फास्ट ट्रैक स्पेशल कोर्ट्स;** देशभर में बलात्कार और POCSO अधिनियम के लंबित मामलों का निपटारा करने के लिये न्याय विभाग ने दिया था प्रस्ताव
- सोनिया गांधी ने किया जयराम रमेश द्वारा लिखित Indira Gandhi-A Life in Nature पुस्तक के हिंदी संस्करण 'इंदिरा गांधी-प्रकृति में एक जीवन' का विमोचन
- केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने किया डॉ. राजेश भट्ट द्वारा लिखित 'रेडियो कश्मीर-इन टाइम्स ऑफ पीस एंड वॉर' नामक पुस्तक का विमोचन
- पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह को दिया गया 2017 का इंदिरा गांधी शांति, निरस्त्रीकरण एवं विकास पुरस्कार
- पर्यावरण शिक्षा और संरक्षण में योगदान देने के लिये नई दिल्ली स्थित सेंटर फॉर साइंस को 2018 का इंदिरा गांधी शांति, निरस्त्रीकरण एवं विकास पुरस्कार देने की घोषणा
- उत्तर प्रदेश ने लॉन्च किया 'नारी सशक्तीकरण संकल्प' अभियान; महिलाओं में नेतृत्व क्षमता विकसित करने एवं उन्हें अपने अधिकारों के प्रति मुखर बनाना है इसका उद्देश्य

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/rapid-fire-current-affairs-21-11-2018